मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --482/2025
12 अगस्त 2025
नेमरा, गोला, रामगढ़
===========================

★ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने स्मृति- पूर्व मुख्यमंत्री-सह-राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।
============================

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद श्री अखिलेश यादव आज मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के रामगढ़, नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचे। यहां उन्होंने स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर श्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक श्री बसंत सोरेन सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

श्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की माता श्रीमती रूपी सोरेन से आत्मीय भेंट की, श्री अखिलेश यादव श्रीमती रूपी सोरेन से बात करते हुए भावुक हो गए। मौके पर श्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री की माता श्रीमती रूपी सोरेन से कहा कि दु:ख की इस घड़ी में पूरे झारखंड के लोग आपके साथ है, आपका संबल ही राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को शक्ति प्रदान करेगा। स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना जीवन का एक-एक पल आदिवासी, दलित, शोषित, पीड़ित एवं वंचित समुदायों के कल्याण में लगा दिया। "गुरुजी" के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी भले ही आज हम सभी के बीच नहीं है लेकिन उनका संघर्ष, आदर्श एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। "गुरुजी" एक प्रभावशाली जननेता के रूप में युग-युग तक याद किए जाएंगे, जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी।
=======================

#Team PRD(CMO)